DAY — 11 SEAT NUMBER | | | | | | |

2025	II	25	1100	J-334	(H)

CO-OPERATION (53)

Time : 3 Hrs. **(4 Pages)** **Max. Marks : 80**

सूचनाएँ : *(१) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*

(२) दायीं ओर के अंक प्रश्नों के पूर्णांक दर्शाते हैं।

(३) बायीं ओर के अंक प्रश्नों के क्रमांक दर्शाते हैं।

(४) प्रत्येक नए प्रश्न का उत्तर नए पृष्ठ से आरंभ कीजिए।

प्र. १. **(अ)** निम्नलिखित विकल्पों में से उचित विकल्प चुनकर विधान पूर्ण कीजिए तथा पूर्ण वाक्य पुन: लिखिए : **[२०]** (५)

(१) सभा स्थगित करने का अधिकार ------ को होता है।

(अ) अध्यक्ष (ब) नाममात्र सदस्य

(क) सचिव

(२) वैश्वीकरण की प्रक्रिया के पश्चात्, सहकारी संस्थाओं को सरकार द्वारा दी जाने वाली सहायता में ------ की गई।

(अ) वृद्धि (ब) स्पर्धा

(क) कमी

(३) पंजीयन निवेदन के साथ नियमावली की ------ प्रतियाँ जोड़नी होती हैं।

(अ) दो (ब) चार

(क) छ:

(४) भारत में प्रथम सहकारी संस्था अधिनियम वर्ष ------ में लागू किया गया।

(अ) १९१२ (ब) १९०४

(क) १९२५

(५) वैकुंठ मेहता राष्ट्रीय सहकारी प्रबंधन संस्था ------ में स्थित है।

(अ) पुणे (ब) नागपुर

(क) नई दिल्ली

(ब) उचित जोड़ियाँ मिलाइए : (५)

'अ' समूह	'ब' समूह
(अ) मैक्लेगन समिति रिपोर्ट	(१) सहकारी संस्था का अस्तित्व
(ब) अंतिम सभा	(२) सहकारी संस्था का सेवक
(क) सचिव	(३) १९१५
(ड) ग्राहक	(४) सहकारी संस्था के साहूकार
(इ) जिला उपनिबंधक	(५) सहकारी संस्था का अंत
	(६) राज्य स्तर
	(७) स्पर्धायुक्त बाज़ार का राजा
	(८) १९५१
	(९) द्‌वितीयक *(secondary)* स्थान
	(१०) जिला स्तर

(क) निम्नलिखित विधान सत्य हैं या असत्य लिखिए : (५)

(१) सहकारी संस्था के लिए लेखा परीक्षण महत्त्वपूर्ण होता है।

(२) अवैधानिक पुस्तकों को तैयार करना नियमानुसार बंधनकारक है।

(३) अध्यक्ष की अनुपस्थिति में 'पदभार' की ज़िम्मेदारी सचिव की होती है।

(४) सहकारी साख-आपूर्ति रचना त्रिस्तरीय है।

(५) सहकारी संस्था के आयुक्त व निबंधक की नियुक्ति राज्य शासन द्‌वारा की जाती है।

(ड) एक वाक्य में उत्तर लिखिए: (५)

(१) डॉ धनंजयराव गाडगील सहकारी प्रबंधन संस्था की स्थापना का प्रमुख उद्देश्य क्या है?

(२) लाभांश का क्या अर्थ है?

(३) सभा की कार्यक्रम पत्रिका का क्या अर्थ है?

(४) तालुका स्तर पर सहकारी संस्था का मुख्य नियंत्रण अधिकारी कौन होता है?

(५) निरंतर लेखा-परीक्षण का क्या अर्थ है?

प्र. २. निम्नलिखित संज्ञा/संकल्पनाएँ स्पष्ट कीजिए (कोई चार) : **[८]**

(१) व्यवस्थापन समिति

(२) नयी आर्थिक नीति

(३) नाममात्र सदस्य

(४) पंच/ मध्यस्थ

(५) कोषाध्यक्ष

(६) सहकारी प्रशिक्षण

प्र. ३. निम्नलिखित विधानों हेतु 'स्वमत' लिखिए (कोई दो) : **[६]**

(१) नागरी सहकारी बैंक की ऋण-आपूर्ति द्वारा स्वरोजगार को गति मिलती है।

(२) सहकारी संस्थाएँ संचित निधि का निर्माण करती हैं।

(३) जिला मध्यवर्ती सहकारी बैंक का बढ़ता हुआ ऋण-बकाया एक गंभीर समस्या बन गई है।

प्र. ४. निम्नलिखित में अन्तर स्पष्ट कीजिए (कोई तीन) : **[१२]**

(१) पहली साधारण मंडल सभा एवं अधिमंडल की वार्षिक सर्वसाधारण सभा।

(२) जिला मध्यवर्ती सहकारी बैंक एवं राज्य सहकारी बैंक।

(३) सक्रिय सदस्य एवं सहयोगी सदस्य।

(४) अंश तथा ऋणपत्र।

प्र. ५. संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए (कोई दो) : [८]

(१) सहकारी आयुक्त व निबंधक के अधिकार।

(२) सहकारी आंदोलन की चुनौतियों पर उपाय।

(३) महाराष्ट्र राज्य सहकारी संघ।

प्र. ६. कारण लिखिए (कोई दो) : [८]

(१) नागरी सहकारी बैंक के कामकाज में अनेक समस्याएँ होती हैं।

(२) सहकारी आयुक्त व निबंधक एक कठोर प्रशासक होता है।

(३) अध्यक्ष को 'निर्णायक-मत' देने का अधिकार होता है।

(४) सहकारी संस्था का सदस्य कुल अंशपूँजी के १/५ भाग से अधिक मूल्य के अंश धारण नहीं कर सकता।

प्र. ७. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए (कोई दो) : [१०]

(१) प्रस्तावित सहकारी संस्था के नाम को आरक्षित करने के लिए, निबंधक को विनती पत्र लिखिए।

(२) सहकारी संस्था के सदस्यता - निवेदन-नामंजूरी का पत्र लिखिए।

(३) सहकारी संस्था की वैधानिक पुस्तकें कौन-सी हैं? लिखिए।

प्र. ८. सहकारी संस्था के सदस्यों के अधिकार एवं जिम्मेदारियाँ सविस्तार स्पष्ट कीजिए। [८]

अथवा

महाराष्ट्र सहकारी संस्था अधिनियम १९६० के अनुसार लेखा-परीक्षण से संबंधित वैधानिक नियमानुसार व्यवस्थाओं को स्पष्ट कीजिए।

◆◆◆